C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:15 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:40 बजे

सांध्य दैनिक

उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 138 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 21 नवंबर 2026

अनिल कपूर की राष्ट्रपति मैक्रों...पेज-3 पर

News कॉर्नर

शादी समारोह में जा रहे भाजपा कार्यकर्ता को वाहन ने मारी टक्कर, मौके

लालकुआं। लालकुआं में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता की सड़क हादसे में मौत हो गई। बिंदुखेड़ा निवासी 46 वर्षीय भोलानाथ शर्मा को धर्मपुर और भूरारानी के बीच किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, भोलानाथ बीती शाम करीब पांच बजे बिंदुखेड़ा स्थित अपने घर से लालकुआं जाने के लिए पैदल निकले थे। उन्हें ओमेक्स अंडरपास तक पहुंचना था, जहां से वाहन पकड़कर शादी समारोह में जाना था। वह धर्मपुर और भूरारानी के बीच पहुंचे ही थे कि इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।

क्रिकेट: जम्मू में हुए मैच में पंतनगर विवि ने लुधियाना को हराया

पंतनगर। जम्मू के स्ट्राइकर पार्क संग्रामपुर क्रिकेट मैदान में चल रही 22वीं ऑल इंडिया कुलपति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पंतनगर विवि की टीम ने पंजाब कृषि विवि (पीएयू) लुधियाना को चार विकेट से हराकर जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए लुधियाना की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 117 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की टीम ने 18.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाकर मैच जीता। पंतनगर टीम के कप्तान नीरज भट्ट को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टीम मैनेजर प्रभाकर जोशी और कोच भगत सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

मां को अंतिम विदाई: पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावुक हुए सीएम योगी

देहरादून

हमारे संवाददाता



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पंचुर गांव से माता सावित्री देवी की शव यात्रा के साथ लक्ष्मणझूल कांडी सड़क मार्ग से हरिद्वार के लिए रवाना हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने अपनी मां सावित्री देवी के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। इस दौरान वह रो पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए चंडी घाट श्मशान घाट पर कई राजनीतिक हस्तियां पहुंचीं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्रियों के साथ उत्तराखंड प्रभारी बांसुरी स्वराज भी यहां पहुंचीं। मां के अंतिम दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने मां के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वह कुछ देर तक उनके पास खड़े रहे और एकटक निहारते रहे। मुख्यमंत्री ने परिजनों और उनकी देखभाल करने वालों से मां के अंतिम समय के बारे में भी जानकारी ली। वह रातभर मां के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे। इस दौरान उन्होंने अन्न-जल भी ग्रहण नहीं किया। अंतिम संस्कार में उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है। हरिद्वार के चंडी घाट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए देशभर से कई हस्तियां पहुंच रही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और सभी 13 अखाड़ों के आचार्य श्रीमहंत भी यहां मौजूद हैं। योग गुरु स्वामी रामदेव अपनी संतों की टीम के साथ पहुंचकर फिल्म भगवदगीता के अध्यायों का उच्चारण कर रहे हैं। कुछ ही देर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफिले के साथ श्मशान घाट पहुंचने वाले हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, दोनों राज्यों का प्रशासन और पुलिस बल घाट व आसपास के क्षेत्रों में मुस्तैद है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया था। 89 वर्षीय सावित्री देवी ने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में अंतिम सांस ली थी।

बोले- देश की उपलब्धियों में संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका

आईआईटी खड़गपुर के दीक्षांत समारोह में मोदी

नई दिल्ली

एजेंसी



नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री आईआईटी खड़गपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह में पहुंच गए हैं। इसके बाद वे बिहार के वैशाली जाएंगे, जहां विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री लखनऊ जाएंगे।

बंगाल की धरती वो धरती है जहां आइडियाज को बल मिलता है। यहां से नेशनल मूवमेंट बने हैं। यह संस्थान उसी जगह पर बना है, जहां कभी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए डिटेंशन कैंप हुआ करता था। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पहुंचने में देरी होने के कारण क्षमा भी मांगी। उन्होंने कहा कि आज मेरे सामने भारत का अतीत, भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य सबकुछ जुड़ा है। मेरे साथ एक टैलेंटेड और एस्पेरेशनल पीढ़ी यहां जुड़ी हुई है। अपनी स्थापना के 75 वर्षों में आईआईटी खड़गपुर ने बहुत सारे माइलस्टोन बनाए हैं। देश के पहले आईआईटी के तौर पर देश की उपलब्धियों में आईआईटी खड़गपुर की बहुत बड़ी भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईआईटी खड़गपुर पहुंचकर और छात्रों और प्रोफेसर्स से बातचीत की। प्रधानमंत्री आईआईटी खड़गपुर में प्लैटिनम जुबली सेलिब्रेशन में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आईआईटी खड़गपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह के तहत विकसित भारत के लिए 75 आवाजें पहल के अंतर्गत संस्थान के 75 विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री के साथ सीधे बातचीत करने और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में देश की यात्रा को लेकर अपने विचार साझा करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री इस मौके पर आईआईटी खड़गपुर के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का भी जारी करेंगे। इसके साथ ही वह समारोह को संबोधित भी करेंगे। शनिवार को अपने दौरे में सबसे बाद में प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे। वह शाम करीब 5:30 बजे लखनऊ के गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान वह समारोह को संबोधित भी करेंगे।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: पिकअप में पीछे से घुसी एंबुलेंस, पांच की मौत

बाराबंकी

एजेंसी



बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जयपुर से पश्चिम बंगाल जा रही एंबुलेंस पिकअप में पीछे से घुस गई। हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई। एंबुलेंस व्यक्ति का शव लेकर जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मोर्चा संभाला।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। सुबेहा थाना क्षेत्र में किमी संख्या 53.3 पर जयपुर से पश्चिम बंगाल जा रही एंबुलेंस आगे चल रही पिकअप में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि एंबुलेंस में पहले से ही एक मृत व्यक्ति का शव रखा हुआ था। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

प्रभारी एसपी विवेक तिवारी के मुताबिक, हादसा शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे हुआ। एंबुलेंस जयपुर से एक शव लेकर पश्चिम बंगाल जा रही थी। इसी दौरान सुबेहा क्षेत्र में किमी संख्या 53.3 पर एंबुलेंस आगे चल रही पिकअप में पीछे से जा घुसी। टक्कर के बाद एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की जान चली गई। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान राजस्थान और पश्चिम बंगाल के रहने वालों के रूप में हुई है। मृतकों में राजस्थान के जयपुर स्थित जवाहर नगर कच्ची बस्ती निवासी मकबूल खान (62), अलवर के पीपलखेर निवासी हरिओम योगी (33), पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के मोतीवाला निवासी अमीनुल हक (32), रफीक (50) और आलम शामिल हैं।

हादसे की सबसे विचलित करने वाली बात यह रही कि एंबुलेंस पहले से ही एक मृत व्यक्ति का शव लेकर जा रही थी। लेकिन, रास्ते में हुए इस भीषण हादसे ने पांच और जिंदगियां छीन लीं। एक शव को लेकर निकले लोगों का सफर खुद मौत के साथ खत्म हो गया।

जेनी प्रकरण: असम में मुकदमा दर्ज होने पर हरक बोले, डरने वाला नहीं हूं

देहरादून

हमारे संवाददाता



23 साल पुराने जेनी प्रकरण में असम में मुकदमा दर्ज पर होने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा, मैं डरने वाला नहीं हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अंकिता हत्याकांड मामले को दबाने के लिए भाजपा ने षड्यंत्र रचा है। कहा, सीबीआई की जांच रिपोर्ट पर सवाल उठा कर भाजपा खुद ही घिर गई है।

मीडिया को दिए बयान में हरक सिंह रावत ने कहा, 2003 में जेनी प्रकरण के बाद उन्होंने विधानसभा सदस्य पद से इस्तीफा दिया था और खुद डीएनए और सीबीआई जांच की मांग की थी। डीएनए जांच नेगेटिव आने के साथ ही सीबीआई जांच में जेनी के आरोप झूठे साबित हुए हैं।

इस प्रकरण में क्लोजर रिपोर्ट आने के बाद जनता की अदालत से मुझे न्याय मिला। वर्ष 2007 व 2012 के विधानसभा चुनाव में कोटद्वार व रुद्रप्रयाग से जीत हासिल की। 2016 में कोटद्वार सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता और सरकार में कैबिनेट मंत्री बना। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा में रहते हुए मेरा चरित्र ठीक था? भाजपा छोड़ने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले मेरे घर पर ईडी व सीबीआई भेज दी। लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।

गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह में पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत, डाक टिकट का करेंगे विमोचन



हरिद्वार। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित माता भगवती देवी शर्मा जी एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत शामिल हुए। उनके पहुंचने पर समारोह में मौजूद लोगों ने उनका स्वागत किया। शताब्दी वर्ष समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें गायत्री परिवार की आध्यात्मिक और सामाजिक यात्रा के साथ माता भगवती देवी शर्मा जी के योगदान और अखंड दीप की परंपरा को केंद्र में रखा गया है।

अंकिता भंडारी की मां को जान से मारने की धमकी

सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जाहिर की पीड़ा

देहरादून

हमारे संवाददाता



वीडियो में सोनी देवी का कहना है कि उन्हें धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने सरकार के खिलाफ कुछ बोला तो उनके परिवार का पता तक नहीं चलेगा।

अंकिता भंडारी की मां सोनी देवी को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सोनी देवी ने धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए अपनी पीड़ा जाहिर की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने देहरादून एसएसपी को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वीडियो में सोनी देवी का कहना है कि उन्हें धमकी दी गई है कि यदि उन्होंने सरकार के खिलाफ कुछ बोला तो उनके परिवार का पता तक नहीं चलेगा। उन्होंने बेटी अंकिता को न्याय दिलाने के लिए, पिछले चार साल से संघर्ष करने की बात कही। साथ ही इस दौरान अंकिता के चरित्र को लेकर की जा रही टिप्पणियों पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि ऐसे लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। आईजी ने निर्देश दिए हैं कि सोनी देवी और उनके परिवार से संपर्क कर शिकायत प्राप्त की जाए। धमकी देने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाए।

कट्टरता से बुरी बात कुछ नहीं होतीः प्रो. शिरीष मौर्य

नई दिल्ली/नैनीताल

हमारे संवाददाता

साहित्य पढ़ना जिम्मेदारी का काम है। साहित्य पढ़ते समय हम सारा जीवन पढ़ते हैं जिसमें इतिहास, भूगोल, दर्शन, राजनीति, मनोविज्ञान और समाज सहित सब कुछ आ जाता है जबकि दूसरे विषयों के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता।

कुमाऊं विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजनपीठ के निदेशक और डीएसबी परिसर के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने हिन्दू कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित लेखक से भेंट आयोजन में कहा कि साहित्य की राजनीति नहीं होती सामाजिकी होती है। साहित्य का राजनीति के लिए प्रयोग करना या राजनीति के लिए साहित्य का प्रयोग करना संकुचन है। साहित्य व्यापक उद्देश्यों के लिए हैए जिसे किसी भी तरह के बंधन या सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। आयोजन में प्रसिद्ध कवि और आलोचक प्रो. मौर्य ने विद्यार्थियों के अनेक सवालों के उत्तर भी दिए। एक



विद्यार्थी के पूछने पर कि कविता आपके लिए क्या है? उन्होंने कहा कि एक जमाने में कविता मेरे लिए विरोध थी फिर धीरे धीरे वह मेरे लिए संबंध बनी और यह ऐसा संबंध है जो मनुष्यता को बनाता है बचाता है, वहीं आलोचना के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी रूप या शिल्प में यदि कोई जीवन को लिख रहा है तो वह मेरे लिए साहित्य है और उसी पर बात करना मेरे लिए आलोचना है।

यदि मैं किसी लेखक पर लिख रहा हूं तब असल में मैं उस लेखक से संवाद कर रहा हूं। अनुनाद के संपादन अनुभव पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा पत्रिका को लोकतांत्रिक होना चाहिए, लोकतंत्र से अच्छा विचार कोई नहीं है। राजनीतिक एजेंडे से किसी पत्रिका का संपादन करना कभी उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि जीवन की तरह संपादन में किसी भी तरह की कट्टरता से बुरी बात कुछ नहीं होती। संपादक जिद्दी और हठी हो सकता है लेकिन कट्टर नहीं हो सकता क्योंकि सभी कट्टरताएं मनुष्यता के विरोध में जाती हैं। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि पहल के संपादक ज्ञानरंजन जिद्दी थे लेकिन कट्टर नहीं थे। अंत में उन्होंने कहा कि सभी विचारधाराओं की श्रंखला में अंततरू मनुष्यता ही प्राथमिक है जहां मनुष्यता के लिए स्थान नहीं उसे विचारधारा कहना ही कठिन है। इस दौरान प्रो. मौर्य ने अपनी चर्चित कविता पुस्तकों आग पूरबी, और धर्म वह नाव नहीं से कुछ चुनी हुई कविताओं का पाठ भी किया जिन्हें श्रोताओं ने बेहद पसंद किया। आयोजन में हिंदी विभाग की हस्तलिखित पत्रिका हस्ताक्षर के नये अंक का लोकार्पण भी किया गया। संपादक प्रो. रचना सिंह ने बताया कि यह पत्रिका का अनवरत अट्ठाईसवाँ अंक है जिसका मुखय आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा कवि.कथाकार विष्णु नागर से किया गया लंबा साक्षात्कार एवं अन्य सामग्री है। लोकार्पण की रस्म अदायगी में विद्यार्थी संपादक मंडल के सदस्य रोहित, अमित कुमार मीना, अक्षुण्ण पाठक, सौरभ आनंद, पूजा धनखड़, कृति कुमारी, निशु कुमारी, अक्षरा मिश्रा एवं डॉ. रूपाली सिन्हा भी सम्मिलित हुए। इससे पहले विभाग प्रभारी प्रो. पद्मेश ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भूमंडलीकरण के बाद परिदृश्य पर उभरी कवियों की नयी पीढ़ी में शिरीष कुमार मौर्य प्रमुख नाम हैं जिन्होंने कविता के साथ साथ आलोचना में भी सार्थक हस्तक्षेप किया है।

विभाग के आचार्य प्रो. बिमलेन्दु तीर्थंकर ने प्रो. मौर्य को शॉल ओढ़ाकर तथा डॉ. नीलम सिंह ने पौधा भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन सरस्वती चौधरी और कुलदीप ने किया। लेखक परिचय अमरजीत ने दिया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक रविताप्पा एवं अंबर सिंह ने अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

बीता पूरा एक पखवाड़ा, नहीं मिला लापता अर्णव

नैनीताल। नैना पीक की ट्रेकिंग के दौरान लापता हुए बीटेक छात्र अर्णव सिंह का शुक्रवार को ठीक 15 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। बेटे की तलाश में बिहार से नैनीताल पहुंचे पिता पंकज कुमार समेत परिजन हर दिन किसी अच्छी खबर की उममीद में कोतवाली पहुंचते हैंए लेकिन शाम को मायूस होकर होटल लौटना पड़ता है।

बता दें कि बीते 6 नवंबर को ग्राफिक एरा भीमताल में बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र अर्णव अपने तीन दोस्तों के साथ नैना पीक की ट्रेकिंग पर गया था। चारों दोस्त चोटी तक पहुंचे लेकिन वापसी के दौरान अर्णव अचानक लापता हो गया, तभी से पुलिस, एसडीआरएफ और वन विभाग की टीमें जंगलों में तलाश कर रही हैं। शहर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ हल्द्वानी तक खोजबीन की गई लेकिन सफलता नहीं मिली।पुलिस 11 दिन पूछताछ के बाद अर्णव के तीनों दोस्तों को परिजनों के सुपुर्द कर चुकी है। उन्हें शहर से बाहर नहीं जाने की हिदायत दी गई है।



नैनीताल बस अड्डे की करोड़ों की कवायद बेअसर, धूल फांक रही इमारत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में पर्यटकों हेतु शहर के प्रवेश द्वार तल्लीताल को आकर्षक बनाने और स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने के विशेष मकसद से पुराने बस अड्डे की इमारत का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण तो किया गया लेकिन योजना अपने मूल उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है।

पर्यटन विभाग के अनुसार भवन परिवहन विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है लेकिन वर्तमान में इसका रखरखाव नहीं हो रहा है। दुकानें और ऊपरी मंजिल पर बना गेस्ट हाउस भी बंद पड़ा है। इस बीच मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष व युवा व्यवसायी पुनीत टंडन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर परियोजना की उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसर को लेक फ्रंट बुलेवार्ड के रूप में विकसित कर दुकानों का आवंटन किया जाना था ताकि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटकों को आकर्षक प्रवेश अनुभव मिल सके लेकिन योजना अपने उद्देश्य से भटक गई है। उन्होंने कहा कि परिसर में पुलिस विभाग की गतिविधियों, बैरियर और वाहनों की पार्किंग के चलते पैदल आवाजाही प्रभावित हो रही है। चौराहे पर बने अंडाकार चक्कर से भी यातायात अवरोध की स्थिति पैदा हो रही है। भवन उपयोगहीन पड़ा है और विभागों को इससे कोई आय भी नहीं हो रही।टंडन ने जिला प्रशासन से मामले में संज्ञान लेकर परियोजना की समीक्षा कराने, भवन के रखरखाव और संचालन की जिममेदारी तय करने की मांग की है।

वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल में बदलेगी यातायात व्यवस्था

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। 21 और 22 नवंबर को यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जनए पार्किंग और शटल सेवा की व्यवस्था लागू रहेगी।

एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी की ओर से जारी प्लान के अनुसार शनिवार सुबह तीन से रात 11 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। वहीं बसों और चौपहिया वाहनों के लिए सुबह पांच से रात आठ बजे तक डायवर्जन प्रभावी रहेगा। अल्मोड़ा, जागेश्वर, बागेश्वर और पिथौरागढ़ से मैदानी क्षेत्रों को जाने वाले वाहन लमगड़ा, धनाचूली, धारी, खुटानी बैंड और भीमताल होकर जाएंगे। मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ जाने वाले वाहनों को भी खुटानी बैंड, भीमताल, धारी और धनाचूली होकर भेजा जाएगा। काठगोदाम से रानीखेत जाने वाले वाहन मुक्तेश्वर.रामगढ़ मार्ग का इस्तेमाल करेंगे।



कैंची धाम आने वाले पर्यटकों के निजी वाहनों के लिए वाया भीमताल विकास भवन पार्किंग और वाया ज्योलीकोट गेठिया भवाली सैनेटोरियम पार्किंग निर्धारित की गई है। यहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा से मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। अवकाश के दौरान कैंची धाम क्षेत्र में टैक्सी और दोपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।पुलिस ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों से निर्धारित रूट, पार्किंग और शटल व्यवस्था का पालन करने की अपील की है।

NEWS / फटाफट

कर्मियों की सेवाएं उनकी प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि से नियमित की जाएंःकैट

नैनीताल। एस्स ऋषिकेश में वर्षों से सॉवदा और आउटसोर्सिंग के माध्यम से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने बड़ी राहत दी है। अधिकरण ने 35 कर्मचारियों से संबंधित तीन याचिकाओं को स्वीकार करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों की सेवाएं उनकी प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि से नियमित की जाएं। इसके लिए संबंधित कर्मचारियों को भर्ती नियमों के तहत पात्र होना आवश्यक होगा। अधिकरण ने आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 12 सप्ताह के भीतर नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी दिए हैं। बता दें केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण की नैनीताल पीठ (प्रधान पीठ नई दिल्ली) ने 17 नवंबर 2026 को यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति एमजी सेवलीकर और प्रशासनिक सदस्य राजिंदर कश्यप की पीठ ने ओए संख्या 600/2024 और 3406/2025 तथा 3672/2025 का एक साथ निस्तारण किया।

अखिल भारतीय महिला परिषद की सार्वजनिक वॉकथॉन रैली कल

नैनीताल। अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से परिषद के दिल्ली स्थित मुख्यालय की पहल पर समाज में महिलाओं के प्रति शून्य हिंसा के बारे में जागरूकता फैलाने के विशेष उद्देश्य से 22 नवंबर (रविवार) को नैनीताल में एक सार्वजनिक वॉकथॉन रैली का आयोजन किया जा रहा है। परिषद की सचिव प्रीति शर्मा के मुताबिक रैली रविवार की सुबह 9.30 बजे फ्लैट्स मैदान स्थित स्टेडियम से शुरू होगी और मॉल रोड पर स्थित म्युनिसिपल लाइब्रेरी के पास समाप्त होगी। इस रैली में स्कूली छात्रों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक लगभग 250 प्रतिभागी शामिल होंगे। बताया कि इस वॉकथॉन का लक्ष्य हमारे समुदाय को एक साथ लाना है ताकि समाज में महिलाओं के सममान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस बीच परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी व स्टैंडिंग कमेटी मैंबर मंजू कोटलिया समेत परिषद के सभी पदाधिकारी व सदस्य रैली की कामयाबी में प्राथमिकता से जुटे हुए हैं।

हाईकोर्ट ने कुछ और याचिकाकर्ताओं को दी राहत

नैनीताल। छोटी हल्द्वानी कालाढूंगी में अतिक्रमण हटाने के संबंध में नगर पालिका की ओर से जारी नोटिस मामले में हाईकोर्ट से कुछ और याचिकाकर्ताओं को राहत मिली है । हाईकोर्ट ने समन्वय समिति के समक्ष अपने दस्तावेज रखने को कहा है । न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने शुक्रवार को रामचरण तिवारी और महेश चंद्र पंत की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। दोनों मामलों में कानून और तथ्य से जुड़े प्रश्न समान होने के कारण अदालत ने इन्हें संयुक्त रूप से निस्तारित किया।

प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने धरा को हरा रखने का संकल्प

नैनीताल। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 857वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 857वें दिन जौलजीवी के विजय यात्रा कैंप परिसर में विजयपाल के नेतृत्व में



पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विनोद धामी, मनोहर ऐरी, पवन राना, दमन, धीरज पानू, व दिव्यांशु उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

वन्यजीव सुरक्षा, निगरानी हेतु बैठक जनजागरूकता एवं ड्रोन सर्वेक्षण आयोजित

धारी

हमारे संवाददाता

धारी ग्राम सभा दीनी तल्ली में विगत वर्ष घटित वन्यजीव संबंधी घटनाओं तथा वर्तमान में क्षेत्र में बाघ एवं गुलदार दिखाई देने की प्राप्त सूचनाओं के दृष्टिगत वन क्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट के नेतृत्व में वन विभाग की टीम द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, ग्रामीणों की सुरक्षा तथा क्षेत्र में बाघ एवं गुलदार की गतिविधियों पर निगरानी रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी विजय चंद्र भट्ट द्वारा ग्रामीणों से विशेषकर शीतकालीन मौसम में सतर्क एवं सावधान रहने, अकेले सुनसान स्थानों पर जाने से बचने तथा घरों के आसपास साफ-सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही किसी भी वन्यजीव की उपस्थिति अथवा गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने हेतु जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में बाघ एवं गुलदार की उपस्थिति एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने तथा निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ड्रोन कैमरे के माध्यम से हवाई सर्वेक्षण भी किया गया। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि वन्यजीवों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम दीनी तल्ली के ग्राम प्रधान सतीश चंद्र, ग्राम दीनी मल्ली के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ललित कुमार, दीनी के सरपंच प्रकाश चन्द्र एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से सुनील प्रसाद, अभय कुमार, गौरव बर्गली एवं मनोज कैड़ा सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

गंदगी फैलाने वालों पर पालिका की रहेगी पैनी नजर

नैनीताल । नैनीताल में जगह-जगह बिखर रहे कूड़े और गंदगी की समस्या को देखते हुए नगर पालिका अब सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। इसके लिए एक टीम गठित कर लगातार विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कराई जाएगी। टीम खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर नजर रखेगी और पकड़े जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर पालिका नजर रख रही है। इसके लिए एक टीम लगातार क्षेत्र में गश्त करेगी। सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाते पकड़े जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालने और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की, साथ ही लोगों से गंदगी फैलाने वालों की सूचना नगर पालिका को देने की गुजारिश की है।

अभिमत

असली चेहरा

हैरान करने वाली बात यह है कि हरीश रावत ने कांग्रेस संगठन में जमीन से जुड़े और कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की बात नहीं कहकर, जाति विशेष से आने वाले नौजवानों को जिम्मेदारी देने का संकेत दिया है। पूरे देश के साथ ही कांग्रेस उत्तराखंड में जनाधार खो चुकी है। देश में सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस को संकट से उबारने की जगह जातिवाद के दलदल में धकेलने की बात कही है।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के बयानों पर चर्चा होना कोई नई बात नहीं है। धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद की संकीर्णता से राजनीतिक दलों से जुड़े लोग ग्रसित हैं। हरीश रावत ने एक बार फिर जातिवाद का राग छेड़ दिया है। अल्मोड़ा में चुनाव के दौरान जातिवाद फैलाकर कई बार विजयी हुए, लेकिन बाद में मतदाताओं ने धूल चटा दी। हरीश रावत के साथ ही कांग्रेस के अन्य नेताओं का असली चेहरा बेनकाब हो गया है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा की राजनीति ने भारत के स्वाभाविक सनातनी मिजाज को बदल दिया है। देश की आजादी से पहले भी और बाद में उदार ब्राह्मणवादिता के हाथ में देश की राजनीति और समाज का संचालन रहा। कुछ कमियां थीं, लेकिन राजनीति में सौहार्द और उदारता थी। आज उस उदारता को फिर से खोजने की आवश्यकता है। उत्तराखंड के कांग्रेस संगठन में बड़े परिवर्तन हो रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि हरीश रावत ने कांग्रेस संगठन में जमीन से जुड़े और कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की बात नहीं कहकर, जाति विशेष से आने वाले नौजवानों को जिम्मेदारी देने का संकेत दिया है। पूरे देश के साथ ही कांग्रेस उत्तराखंड में जनाधार खो चुकी है। देश में सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस को संकट से उबारने की जगह जातिवाद के दलदल में धकेलने की बात कही है। हरीश रावत लगातार कई चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में अलग-थलग पड़ गये हैं। उत्तराखंड में कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ और अनुभवी नेता होने के बाद भी हरीश रावत पार्टी को एकजुट करने में नाकाम हैं। हरीश रावत गिनेचुने लोगों के साथ यदाकदा घूमने निकलते हैं। हरीश रावत के बयान से कांग्रेस के ही नेता असहज महसूस करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हरीश रावत के बयान पर दबी जुबान से टिप्पणी करके पल्ला झाड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सब जातियों के लोगों को सम्मान दिया है। उत्तराखंड के हेमवती नंदन बहुगुणा से लेकर नारायण दत्त तिवारी, विजय बहुगुणा, इंदिरा हृदयेश इसके उदाहरण हैं। दरअसल उत्तराखंड में भाजपा ने राज्य स्तर से लेकर जिले तक संगठन का पुनर्गठन कर लिया है, जबकि कांग्रेस पूरी तरह बिखरी हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक मंच पर एक साथ आने से कतराते हैं। वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हरीश रावत बयानबाजी करके वोट का समीकरण हल करना चाह रहे हैं। जातिवाद के आधार पर पार्टी संगठन से और अधिक नुकसान होगा।

रामनगर में मां के सामने बाघ ने युवक को मार डाला

रामनगर

हमारे संवाददाता

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से सटे फाटो जोन में शुक्रवार को मवेशी चरा रहे एक वन गुर्जर युवक को बाघ, उसकी मां और चचेरे भाई के सामने से उठा ले गया। मौके से 500 मीटर अंदर जंगल में युवक की लाश मिली।

तराई पश्चिम वन प्रभाग की उत्तरी फाटो रेंज के जंगलों में वन गुर्जर परिवार रहते हैं। शुक्रवार दोपहर 22 वर्षीय मोहम्मद दिलशाद, मां नूरजहां और चचेरे भाई इमरान के साथ जंगल में मवेशी चरा रहा था। वहां झाड़ियों में घात लगाए बैठे बाघ ने पीछे से दिलशाद पर हमला कर दिया और जबड़ों में दबाकर उसे ले जाने लगा। वहां वन गुर्जरों ने शोर मचाकर बाघ को भगाने का प्रयास किया, लेकिन वह युवक को 500 मीटर अंदर ले गया। सूचना पर वन गुर्जर मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर युवक की तलाश शुरू की। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दो घंटे तक जंगल में तलाश और शोरगुल के बाद बाघ युवक को छोड़कर भाग गया। इसके बाद का शव बरामद किया। बताया जा रहा है कि डीएफओ पुनीत तोमर ने बताया कि घटना जंगल में हुई है। युवक वहां मवेशी चरा रहा था। उन्होंने लोगों से जंगल न जाने की अपील की। मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

वन गुर्जरों, विभाग को दो घंटे बाद 500 मीटर जंगल में मिला शव



रसोईघर में घुसा गुलदार, दो घंटे बाद तक लोगों में फैली दहशत

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के सौंदकोटी गांव में शनिवार शाम एक गुलदार के घर के रसोईघर में घुसने से स्थानीय निवासियों में भारी दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि यह जंगली जानवर एक कुत्ते का पीछा कर रहा था। इसी दौरान वह सिहयशी इलाके में आ गया। कुत्ता तो किसी तरह वहां से बचकर निकलने में सफल रहा। परंतु गुलदार सीधे एक घर के रसोईघर में जा पहुंचा, जिससे स्थिति गंभीर हो गई। भवन स्वामी भीम सिंह नेगी ने अपने कुत्ते की तेज और असामान्य आवाज सुनी। वह तुरंत रसोईघर की ओर गए। अंदर उन्होंने एक विशाल गुलदार को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। सूचना मिलते ही वन विभाग की एक विशेष टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गुलदार को सुरक्षित पकड़ने के लिए एक विस्तृत बचाव अभियान शुरू किया।

दूध देने जा रहे युवक पर तेंदुए ने किया हमला

रानीखेत। अल्मोड़ा जिले के रानीखेत विकासखंड ताड़ीखेत के बधाण गांव में शनिवार सुबह दूध देने जा रहे एक युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। तेंदुए ने युवक पर पंजों से वार कर उसे घायल कर दिया। युवक के शोर मचाने पर तेंदुआ वहां से भाग गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को तत्काल उप जिला चिकित्सालय रानीखेत पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। गांव में दिनदहाड़े और आबादी के नजदीक तेंदुए की सक्रियता से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

कार्रवाई के बाद भी मॉलरोड पर धड़ल्ले से पार्क हो रहे वाहन

नैनीताल। शहर की मालरोड पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार अभियान चलाने और चालान की कार्रवाई के बावजूद सड़क किनारे वाहनों की पार्किंग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शुक्रवार को मल्लीताल से तल्लीताल तक मालरोड के किनारे 50 से अधिक चार पहिया वाहन पार्क नजर आए। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती रही।

वहीं तल्लीताल रिक्शा स्टैंड, गिरजाघर, पुस्तकालय और पर्यटन कार्यालय के सामने टैक्सी चालक खुलेआम सवारियां भरते दिखाई दिए। सड़क किनारे वाहनों के खड़े रहने और टैक्सियों के सवारी भरने से कई बार यातायात बाधित हो रहा है। लगातार कार्रवाई के बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी रहने से पुलिस की सख्ती पर भी सवाल उठ रहे हैं। कोतवाल राजेन्द्र रावत ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

कनार के ग्रामीणों ने सड़क की मांग पर निकाला जुलूस

पिथौरागढ़

हमारे संवाददाता



120 किलोमीटर दूर से जिला मुख्यालय आकर आमरण अनशन पर डटे कनार के ग्रामीणों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीण अनशन पर डटे हैं। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट परिसर में जुलूस निकाला।

बरम-कनार सड़क संघर्ष समिति के बैनर तले एक सूत्री मांग पर शुक्रवार को आमरण अनशन के नौ दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन ग्रामीणों को मामले में ठोस कार्रवाई से आश्वस्त करने की बजाय आमरण अनशनकारियों को हर दिन उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद भी ग्रामीणों के हौसले बुलंद हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि अब चाहे प्राण चले जाएं संघर्ष जारी रखेंगे। उनके समर्थन में पिथौरागढ़ तहसील में टकाड़ी की ग्राम प्रधान ज्योति कुंवर, जमराड़ी की ग्राम प्रधान चंद्रा महर सहित कनार की महिलाएं अनशन स्थल पर धरने पर बैठीं। इससे पूर्व ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट परिसर के बाहर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। उन्होंने कहा कि जब तक सड़क निर्माण का लिखित आदेश और काम शुरू होने की निश्चित तिथि नहीं मिलती, तब तक आमरण अनशन और धरना जारी रहेगा। इस मौके पर प्रकाश सिंह, भरत सिंह, जगत सिंह, पार्वती देवी, जैंयती देवी, जीवन सिंह, बिशना देवी, सुंदर सिंह बोरा सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

सड़क किनारे कूड़ा देख कुमाऊं कमिश्नर रावत ने जताई नाराजगी

नैनीताल। नगर में स्वच्छता व्यवस्था के दावों के बीच सड़क किनारे खुले में कूड़ा फेंकने का मामला सामने आया है। मॉलरोड पर टहलने निकले कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने तल्लीताल टोल के समीप सड़क किनारे कचरे का ढेर देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को तत्काल कूड़ा साफ कराने और खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

आयुक्त ने पालिका अधिकारियों को क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर कूड़ा फेंकने वालों की पहचान करने को कहा, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।दूसरी ओर मामले में नगर पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है। फुटेज के आधार पर सड़क किनारे कूड़ा फेंकने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

फिल्मी दुनिया

अनिल कपूर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात



बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और इमैनुएल मैक्रों की इस मुलाकात के दौरान सिनेमा, संस्कृति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा और वास्तुकला जैसे कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के साथ अपनी दोस्ती और उनसे हुई बातचीत के अनुभव भी साझा किए।

अनिल कपूर ने इस मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, जब मैं पहली बार भारत में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिला था, तो हमारी बातचीत इतनी सहजता से आगे बढ़ी कि ऐसा लगा जैसे हम एक-दूसरे को काफी समय से जानते हों। पेरिस में उनसे दोबारा मिलना उसी गर्मजोशी की याद दिला गया। उन्होंने आगे लिखा, इतिहास से मिलने वाली सीख से लेकर उस भविष्य तक, जो हमारे बच्चे और पोते-पोतियां देखेंगे, यह बातचीत वाकई बहुत कुछ सिखाने वाली रही। अनिल कपूर ने अपनी पोस्ट के आखिर में फ्रांस के राष्ट्रपति का खास अंदाज में शुक्रिया अदा किया। उन्होंने अपने भतीजे के साथ पेरिस में मिले प्यार और मेहमाननवाजी के लिए मैक्रों का आभार जताया। साथ ही उम्मीद जताई कि जल्द ही उनकी मुलाकात भारत में भी होगी। अभिनेता ने लिखा, मेरे प्यारे इमैनुएल, आपकी मेहरबानी और मुझे व मेरे भतीजे को पेरिस में घर जैसा महसूस कराने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। मुझे हमारी दोस्ती की खुशी है और मैं भारत में आपका दोबारा स्वागत करने का इंतजार कर रहा हूं।

सिनेमा से एआई तक चर्चा

- *अभिनेता अनिल कपूर ने हाल ही में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की।*
- *इस दौरान दोनों के बीच सिनेमा से लेकर कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई।*
- *इस मुलाकात की तस्वीरें अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं।*

विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता और निवेश के गुर सिखाए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वाणिज्य विभाग की ओर से दिल्ली विश्वविद्यालय की कमेटी फॉर प्रमोशन ऑफ फाइनेंशियल लिटरेसी के सहयोग से ऑनलाइन वित्तीय जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को आर्थिक प्रबंधन, बचत और निवेश के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान के साथ वित्तीय प्रबंधन की समझ होना भी जरूरी है। मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की कमेटी के अध्यक्ष प्रो. आरपी तुलसियान और निदेशक प्रो. अमित कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को नियमित बचत और सोच-समझकर निवेश करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पीपीएफ , सुकन्या समृद्धि योजना, म्यूचुअल फंड और एसआईपी के माध्यम से निवेश की जानकारी दी, साथ ही चक्रवृद्धि ब्याज, वित्तीय नियोजन, जोखिम प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा के महत्व को समझाया। डिजिटल लेनदेन में सावधानी बरतने और वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए। डॉ. रितिशा शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने निवेश, शेयर बाजार, कर बचत और बजट प्रबंधन से जुड़े सवाल पूछे जिनका विशेषज्ञों ने जवाब दिया। कार्यक्रम में डॉ. आरती पंत, डॉ. ममता जोशी लोहुमी, डॉ. निधि वर्मा साह, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. विनोद जोशी, डॉ. टीपी चंद्रा, तथा डा. पूजा जोशी पालीवाल आदि रहे।

जानकारी

- डीएसबी परिसर में ऑनलाइन जागरूकता सत्र आयोजित

नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में मनाया गया विश्व बाल दिवस

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिले के नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास हल्दुचौड़ में अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बाल सप्ताह का समापन किया गया। 14 नवंबर बाल दिवस से शुरू हुए बाल सप्ताह के दौरान छात्रावास के स्थापना दिवस, वार्षिकोत्सव, विश्व शौचालय दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस के आयोजनों पर विभिन्न प्रकार की मनोरंजन गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान विश्व शौचालय दिवस पर डेटॉल बनेगा स्वस्थ भारत कार्यक्रम के राज्य प्रमुख संजय कुमार एवं नैनीताल ऊधम सिंह नगर के प्रभारी रंजीत सिंह, जिला प्रमुख नवीन जोशी, प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर द्वारा संयुक्त रूप से छात्रावास अधीक्षक डॉ. हिमांशु पांडे को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में विशेष योगदान हेतु शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया साथ ही अतिथि रमेश आर्य, संजय कुमार सिंह, रंजीत सिंह, गणपत सिंह सेंगर, नवीन जोशी व भुवन मठपाल को सीमने वर्कशॉप द्वारा सम्मानित किया गया। बाल सप्ताह के दौरान बच्चों के द्वारा छात्रावास के वार्षिकोत्सव में विभिन्न मनोरंजन प्रतियोगिताओं में कक्षा 3 से 6 तक के बच्चों हेतु सब जूनियर वर्ग की बैलून रेस का आयोजन किया गया जिसमें दीपक तिवारी ने प्रथम, संतोष कुमार ने द्वितीय, पंकज ने तृतीय एवं पीयूष कुमार द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया गया जूनियर वर्ग की थ्री लेग्ड रेस प्रतियोगिता में दिव्यांशु एवं विनोद की टीम ने प्रथम मानस एवं त्रिलोक की टीम ने द्वितीय तथा जितेंद्र एवं सचिन की टीम द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जबकि सीनियर वर्ग हेतु आयोजित हॉपिंग प्रतियोगिता में अंकित ने प्रथमए योगेश ने द्वितीय एवं मानस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्रावास के बच्चों तथा अभिभावकों हेतु ओपन टू आल म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में पारस सिंह ने प्रथम जबकि मयंक आर्य ने द्वितीय व जितेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्व शौचालय दिवस पर इग्नेवेटिव स्काउट ओपन समूह के स्काउट द्वारा रंगोली प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मानस मलवाल, जय, विजय, मयंक एवं दिव्यांशु ने बाजी मारी। बाल सप्ताह के दौरान दौरान आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्रावास के जय फर्त्याल ने प्रथम तथा संतोष कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि दिव्यांशु एवं करन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा सचिन विनोद एवं मयंक को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रमों को सफल बनाने में विभिन्न अभिभावकों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में विद्यार्थियों सहित स्टाफ सदस्यों कैलाश चंद्र, मोनिका नेगी, हेम पाल, प्रिया गैड़ा, मुकेश चंद्र पांडे, राहुल अधिकारी, मंजू मिश्रा, ममता शर्मा व भावना मेहता आदि द्वारा योगदान दिया गया, पूरे आयोजन में स्काउट टीम की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

News कॉर्नर

गैर जमानती वारंट पर नैनीताल पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

नैनीताल। वारंटियों और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नैनीताल की मल्लीताल पुलिस ने गैर जमानती वारंट के एक मामले में अभियुक्त प्रकाश टम्टा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे शुक्रवार सुबह उसके वर्तमान आवास स्प्रिंग कॉटेज मल्लीताल से हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक पुलिस कप्तान के निर्देश और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में न्यायालय से प्रकीर्ण फौजदारी परिवाद संख्या 500/2026 और धारा 506 भादवि के तहत मल्लीताल निवासी प्रकाश टम्टा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दविश देकर प्रकाश टम्टा पुत्र पनी राम टम्टा को सुबह करीब 9.05 बजे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त का स्थायी पता शाह निवास, मेलविल लॉज मल्लीताल बताया गया है।

छह कोतवालियों से 'साहबों' की विदाई, अब खाली कुर्सियों पर रहेगा किसका राज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कई अहम थानों से एक साथ इंस्पेक्टरों की विदाई ने पुलिस महकमे में नई तैनाती का सस्पेंस खड़ा कर दिया है। छह निरीक्षक जिले से बाहर रवाना हो गए, पीछे छोड़ गए कई महत्वपूर्ण कोतवालियों की खाली कुर्सियां। अब सवाल सिर्फ तबादलों का नहीं, बल्कि उन कुर्सियों पर बैठने वाले नए चेहरों का है। हल्द्वानी से बनभूलपुरा, मुखानी से कालाढूंगी तक अगला कोतवाल कौन होगा, इस पर निगाहें टिक गई हैं।

शुक्रवार को मिनी पुलिस लाइन हल्द्वानी के मीटिंग हॉल में स्थानांतरित छह निरीक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में अधिकारियों की कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और पुलिसिंग में योगदान का बखान हुआ, लेकिन थानों से विदाई के बाद अब उन खाली कुर्सियों को भरने की कवायद चर्चा में है। कालाढूंगी के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सैनी ऊधमसिंह नगर भेजे गए हैं। हल्द्वानी कोतवाली के विजय सिंह मेहता और तल्लीताल के हरपाल सिंह को बागेश्वर की जिम्मेदारी मिली है। भवाली के प्रकाश सिंह मेहरा और मुखानी के सुशील चंद्र जोशी अल्मोड़ा रवाना हुए हैं, जबकि बनभूलपुरा के दिनेश सिंह फर्त्याल पिथौरागढ़ में नई जिम्मेदारी संभालेंगे।



कुर्सियां खाली, चर्चाओं का बाजार गर्म

विदाई समारोह में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी हल्द्वानी हरबंस सिंह और एसपी सेंचार रेखाधर मठपाल ने निरीक्षकों के कार्यकाल की सराहना की। अधिकारियों को स्मृति चिह्न और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कानून-व्यवस्था, बीआईपी ड्यूटी और प्रभावी पुलिसिंग में उनके योगदान को सराहा गया।

मनी लॉन्ड्रिंग मामला: हाईकोर्ट ने बनमीत और परविंदर की जमानत याचिका को किया खारिज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले के दो आरोपियों बनमीत सिंह और परविंदर सिंह की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया, इसके साथ ही अदालत ने देहरादून की विशेष अदालत (पीएमएलए) द्वारा 12 जून 2026 को पारित रिमांड बढ़ाने के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को भी निरस्त कर दिया।

अदालत ने स्पष्ट किया कि शिकायत दर्ज होने के बाद संज्ञान न लिए जाने की स्थिति में भी विशेष अदालत के पास आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने का अधिकार है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक बनमीत सिंह और परविंदर सिंह ने डार्क वेब और ऑनलाइन माध्यमों से यूरोप व अमेरिका सहित अन्य देशों में अवैध नशीली दवाओं की तस्करी की और इससे प्राप्त आय को क्रिप्टोकरेंसी व विदेशी मुद्रा के जरिए वैध दिखाने का प्रयास किया। जांच एजेंसी का आरोप है कि अमेरिका में सजा काटने और अप्रैल 2024 में भारत आने के बाद बनमीत सिंह को गिरफ्तार किया गया था तथा मामले में 4,250 बिटकॉइन सहित अपराध की आय से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

याचिकाओं में आरोपियों की ओर से दलील दी गई थी कि संज्ञान आदेश रद्द होने के बाद रिमांड वैध नहीं है, 8 जून 2026 को भौतिक रूप से पेशी नहीं हुई और वे लंबे समय से हिरासत में हैं, हालांकि उच्च न्यायालय ने कहा कि बाद के वैध रिमांड आदेश से पूर्व की प्रक्रियात्मक अनियमितता दूर हो सकती है और मामले की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति, भारी मात्रा में क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन तथा पीएमएलए की शर्तों को देखते हुए हिरासत की अवधि के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती।

गुमशुदगियों की फाइलें बढ़ीं, तलाश का नतीजा शून्य, पुलिस की सक्रियता आखिर कहां गुम हो रही

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर और आसपास से लोग एक के बाद एक गायब हो रहे हैं, परिवार थाने पहुंच रहे हैं, गुमशुदगी दर्ज हो रही है, लेकिन लापता लोगों का पता लगाने में पुलिस को अब तक कामयाबी क्यों नहीं मिल रही? एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक लोगों के लापता होने के मामले सामने आने के बीच तलाश का ठोस नतीजा न दिखना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। गुमशुदगी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, मगर अपनों की राह देख रहे परिवारों के लिए इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। इसी बीच मुखानी थाना क्षेत्र से रहस्यमय ढंग से एक और व्यक्ति लापता हो गया। दुकान बंद की, मोबाइल और स्कूटी वहीं छोड़ी और खुद अचानक गायब हो गया। मुखानी थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक जयपुर पाडली, लामाचौड़ निवासी पंकज पांडे पुत्र पूरन चंद पांडे बीती शाम अपने रेस्टोरेंट से लापता हो गया। दुकान का शटर बंद था, लेकिन उसका मोबाइल फोन और स्कूटी दुकान पर ही छूट गए। इस असामान्य स्थिति ने परिजनों की चिंता और बढ़ा दी है। पंकज के घर नहीं पहुंचने पर परिवार ने फोन से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल दुकान पर ही मिला। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित ठिकानों पर तलाश की, मगर कोई जानकारी नहीं मिली। आखिरकार भाई दीपक पांडे ने मुखानी थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर पुलिस से मदद मांगी।

परिजनों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की मांग की है। उन्हें उम्मीद है कि कैमरों में पंकज के दुकान से निकलने के बाद की गतिविधियां या उसकी दिशा का कोई सुराग मिल सकता है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की है।

लेकिन सवाल सिर्फ पंकज का नहीं है। लगातार सामने आ रहे गुमशुदगी के मामलों में पुलिस की तलाश कितनी तेजी से आगे बढ़ रही है, किन रास्तों पर जांच हो रही है और परिवारों को कितनी जानकारी दी जा रही है—यह भी चर्चा का विषय बन रहा है।

लापता लोगों के परिजन उम्मीद की डोर थामे बैठे हैं। अब केवल गुमशुदगी दर्ज करने से नहीं, जमीन पर तेज तलाश और ठोस कार्रवाई से ही पुलिस अपने हाथों से फिसलती उम्मीदों को वापस ला सकती है।

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष से 1.70 लाख रुपये उड़ाए

चंपावत। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर पांडेय साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। ठगों ने उनका मोबाइल हैक कर खाते से 1.70 लाख रुपये निकाल लिए। पांडेय को टनकपुर के एक नंबर से आरटीओ चालान का मैसेज मिला था। मैसेज खोलते ही उनका फोन बंद होकर हैंग हो गया। 13 नवंबर तक उनके खाते से कई बार में पैसे निकाले गए।

सड़क किनारे 34 वर्षीय युवक का शव, जहरीला पदार्थ खाने की आशंका

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चोरगलिया थाना क्षेत्र में सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई, जिसके बाद मृतक की पहचान हो गई।

पुलिस के अनुसार, सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना थाना प्रभारी तारा सिंह राणा को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की तो उसकी पहचान विजय चन्याल (34) पुत्र गणेश राम, निवासी धरमगढ़, चोरगलिया के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

बताया जा रहा है कि मृतक नशे का आदी था। आशंका जताई जा रही है कि उसने आवेश में आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम को लेकर परिजन पहले तैयार नहीं थे, जिस पर पुलिस और परिजनों के बीच कुछ नोकझोंक भी हुई। हालांकि बाद में पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

सनसनी

- चोरगलिया में मचा हड़कंप, धरमगढ़ निवासी विजय चन्याल के रूप में हुई पहचान

महिलाओं के कुंडल झपटने वाले महिला समेत दो गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में महिलाओं के कानों से सोने के कुंडल झपटकर फरार होने के मामले में पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में महिलाओं के कानों से सोने के कुंडल झपटकर फरार होने वाले महिला समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से छीने गए दोनों सोने के कुंडल बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर को बालाजी पुरम निवासी मुनेन्द्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी मां के कानों से बाइक सवार महिला और पुरुष कुंडल झपटकर फरार हो गए। इसी दिन उर्मिला राय ने भी दुर्गा मंदिर से लौटते समय अपने कुंडल छीनने की शिकायत दी थी। दोनों घटनाओं में एक ही बाइक का इस्तेमाल किया गया था। एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर गठित टीम ने 20 नवंबर को आनंदपुर रोड स्थित परमल टाउन के पास से राहुल रस्तोगी निवासी ट्रांजिट कैंप और रवीना निवासी बरेली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में दोनों के पास से एक-एक सोने का कुंडल बरामद हुआ। पीड़ितों ने कुंडलों की पहचान भी कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

